Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to build Ram Mandir at Ayodhya, Uttar Pradesh.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): हमारा देश पहले मुगलो और फिर अंग्रेजों का गुलाम रहा है । इन विदेशी आक्रान्ताओं ने हमारी संस्कृति की विभिन्न पहचानों तथा शिक्षा केन्द्रों को नष्ट-भ्रष्ट करने का कुचक्र चलाया । आजादी के बाद स्वाभाविक रूप से यह अपेक्षा आमजन द्वारा की गयी कि हमारी आस्था के केन्द्रों को पुनः स्थापित किया जाये । इस क्रम में लंबे समय से देश का आमजन अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए संघर्षरत है । भगवान राम को इस देश में मर्यादा पुरूषोत्तम के रूप में जाना जाता है । उन्होंने अपने जीवन से समाज को मर्यादित जीवन जीने का रास्ता बताया । भगवान राम हमारे देश की पहचान होने के साथ-साथ अग्रणी महापुरूष है तथा करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र हैं ।

मैं सरकार से अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह करता हूँ । आवश्यक हो तो सरकार इसके लिए अध्यादेश भी लाये ।